
## होम स्क्रीन




1. स्टेटस बार
2. ट्रांसमीटर पिच
3. ट्रांसमीटर रोल
4. होम चिह्न (सक्रिय दिखाया गया है)
5. मुख्य मेनू चिह्न
6. ट्रांसमीटर बैटरी
7. ट्रांसमीटर ताप और ताप इतिहास
8. प्रेशर और प्रेशर इतिहास
9. निर्धारण करने वाले रिसीवर / टेलीमेट्री चैनल
10. टेलीमेट्री सिगनल तीव्रता
11. वाई-फ़ाई कनेक्शन

DigiTrak® रिसीवर से प्रसारित होते समय डेटा स्वत: प्रदर्शित होता है। किसी अन्य स्क्रीन से, वापस लौटने के लिए **होम** टैप करें।

## सिस्टम सेटअप




सेटिंग्स तक पहुँचने के लिए **मुख्य मेनू** टैप करें।

प्राथमिक डिवाइस सेटिंग्स के लिए, **डिवाइस** टैप करें, उसके बाद सेट करने के लिए उचित टैब टैप करें:

- दिनांक, समय, समय क्षेत्र भाषा और प्रोफ़ाइल
- इकाइयाँ: ताप, दूरी, एंगल, प्रेशर, और बल
- स्क्रीन उज्ज्वलता और स्पीकर की आवाज (आवाज शून्य से अधिक और ऑनबोर्ड वीडियो में समायोजन योग्य होनी चाहिए)

Wi-Fi या ब्लूटूथ कनेक्शन सेट करने के लिए **नेटवर्क** टैप करें।

ताप, प्रेशर और बल अलार्म के लिए, **अलार्म** टैप करें।

पिच इतिहास चालू या बंद करने के लिए, **पिच इतिहास** टैप करें।

अपना रिसीवर मॉडल, टेलीमीटरी चैनल, या क्षेत्र सेट करने के लिए, **रिसीवर** टैप करें (इस गाइड में माना गया है कि रिसीवर एक F5 है)।

© 2018 Digital Control Inc., May, सर्वाधिकार सुरक्षित; 402-1011-16-C, Hindi

केबल ट्रांसमीटर या SST® सेट करने के लिए **पेरीफेरल्स** टैप करें।

सॉफ्टवेर अपडेट या ऐप्स के लिए **अपडेट** टैप करें।

**मुख्य मेनू** पर सुरक्षा चेतावनियाँ तक पहुँचने के लिए **सहायता** विकल्पों, अतिरिक्त सिस्टम जानकारी , स्व-परीक्षण और स्टार्ट गाइड , या निर्देश वीडियो का उपयोग करें।

## सिस्टम्स जाँच

Aurora® डिस्प्ले का पॉवर ऑन करते ही होने वाले टेस्ट पर जानकारी के लिए **मुख्य मेनू** पर, **पॉवर ऑन स्व-परीक्षण** पर टैप करे। यह किसी ऐसे विशेष परिस्थिति के समस्या निवारण के लिए उपयोगी है जो हो सकता है कि ठीक से कनेक्ट, पॉवर ऑन, या सक्षम न हो।

## होम स्क्रीन का उपयोग करना

### टेलीमीटरी सिगनल तीव्रता

टेलीमीटरी सिगनल तीव्रता चिह्न पर डंडियों की संख्या सिगनल की तीव्रता बताती है। ग्रे आइकन बताता है कि Aurora रिसीवर के साथ संचार नहीं कर रहा है; स्थायी काला आइकन बताता है कि Aurora ऐसे रिसीवर से जुड़ा है जो डेटा नहीं भेज रहा है। फ़्लैश करता नीला आइकन बताता है कि Aurora रिसीवर से नए डेटा प्राप्त कर रहा है।

### रोल ऑफ़सेट

जब रोल ऑफ़सेट एक मानक ट्रांसमीटर के लिए रिसीवर पर सक्षम होता है, तो वह होम स्क्रीन पर खुद ब खुद: दिखाई पड़ता है। रोल ऑफ़सेट क्लॉक को केवल केबल ट्रांसमीटर रोल ऑफ़सेट के लिए टैप करें और दबाए रखें।

### तरल दाब (फ्लूइड प्रेशर)

फ्लूइड प्रेशर मान केवल तरल दाब ट्रांसमीटर या TensiTrak® में ही उपलब्ध है; अधिकतम प्रदर्शित दबाव 17.2 बार है। 17.2 बार से अधिक दबाव **+OL** के रूप में प्रदर्शित होता है।

### तापमान

ट्रांसमीटर के भीतर डिजिटल तापमापी होने के कारण, बाहरी ड्रिलिंग परिस्थितियों के कारण ताप में बढ़ोत्तरी मापने में समय लगता है। ताप की निगरानी के लिए **होम** स्क्रीन पर ट्रांसमीटर ताप और इतिहास का उपयोग करें और बढ़ोत्तरी का तुरंत समाधान करें ताकि ट्रांसमीटर को स्थायी क्षति न पहुँचे।

## मेनू शॉर्टकट


स्क्रीन आइकॉन, जैसे पिच, ताप या रिसीवर/टेलीमीटरी चैनल (**F5/Ch1**, होम ीन) की सेटिंग्स पर सीधे जाने के लिए उन पर टैप करें और दबाए रखें।

## गहराई रीडिंग

जब एक रिसीवर लोकेट रेखा पर गहराई का रीडिंग लेता है, तो Aurora नीली गहराई पट्टी प्रदर्शित करता है। डेटा 10 सेकंड के लिए नीला हाइलाइट होता है और 5 मिनट तक कायम रहता है।

## पूर्वानुमानित गहराई

जब एक रिसीवर फ्रंट लोकेट प्वॉइंट (FLP) पर गहराई का रीडिंग लेता है,तो Aurora नीली गहराई औरदूरी पट्टियाँ प्रदर्शित करता है। डेटा 10 सेकंड के लिए नीला हाइलाइट होता है और 5 मिनट तक कायम रहता है।




1. पिछली गहराई पढ़ने से पाँच मिनट का टाइमर
2. गहराई पट्टी
3. दूरी पट्टी

## क्लासिक F5 के लिए टेलीमेट्री सेटिंग


अरोरा सॉफ्टवेयर के हाल के अपडेट में **टेलि-बी** नामक एक टेलीमेट्री विकल्प शामिल किया गया है। यह विकल्प फाल्कन सिस्टम, क्लासिक एफ 2 और सभी क्लासिक F5 के लिए डिफ़ॉल्ट और प्रस्तावित चयन है।हालांकि, क्लासिक एफ 5 रिसीवर जिनमे सॉफ्टवेयर v1.01–1.03 हों (देखें इंफो > टेली SW देखें) उनके लिए **स्टैंडर्ड** टेलीमेट्री का ही चयन करें।

**DigiTrak® प्रशिक्षण वीडियो पर देखें।**
***www.youtube.com/dcikent***

विस्तृत जानकारी के लिए Aurora संचालक पुस्तिका देखें, यह www.DigiTrak.com पर उपलब्ध है। यदि आपका कोई प्रश्न हो, तो अपने क्षेत्रीय DCI कार्यालय , 91.11.4507.0444, या यू.एस. ग्राहक सेवा 1.425.251.0559 पर संपर्क करें .

## टारगेट स्टीयरिंग (Target Steering)

जब रिसीवर पर लक्ष्य गहराई दर्ज की जाती है, तो Aurora खुद ब खुद: लक्ष्य स्टीयरिंग (Target Steering®) स्क्रीन सक्षम करता है।




1. रिसीवर के नीचे वर्तमान गहराई
2. वर्तमान रोल
3. वर्तमान हेडिंग पर प्रोजेक्टेड गंतव्य
4. लक्ष्य
5. लक्ष्य से क्षैतिज दूरी
6. लक्ष्य स्टीयरिंग चिह्न

पीली स्टीयरिंग संकेतक बॉल (अनुमानित गंतव्य) को लक्ष्य पर स्टीयर करें। इस स्थिति में ड्रिल हेड का वर्तमान अनुमानित रिसीवर के तल के 1.0 मी. नीचे है और रिसीवर के नीचे लक्ष्य बिंदु तक पहुँचने के लिए 3.1 मी. तक चलना पड़ेगा।

स्टीयरिंग संकेतक के भीतर लाल मार्कर ड्रिल हेड की वर्तमान रोल स्थिति बताता है। जब मार्कर लक्ष्य की ओर इशारा करता है, तो ड्रिल की स्थिति सही है और हेड लक्षित बोर पथ की दिशा में है। ड्रिल हेड के आगे बढ़ने के साथ-साथ, स्टीयरिंग संकेतक भी आगे बढ़ता है। स्टीयरिंग संकेतक की सूक्ष्म निगरानी करें, छोटा स्टीयरिंग समायोजन तुरंत करें और परिणामों की प्रतीक्षा करें।

स्थिति पट्टी में फ़्लैश करता हुआ लक्ष्य स्टीयरिंग चिह्न बताता है कि लक्ष्य स्टीयरिंग डेटा प्राप्त हो रहा है। यदि लक्ष्य स्टीयरिंग डेटा खो जाता है, तो ऐप लोड रहता है ताकि यदि डेटा पुनः आने लगे, तो आपके वर्तमान कार्य में बाधित किए बिना प्रोसेसिंग जारी रह सके।

DigiTrak रिमोट प्रदर्शन के पिछले संस्करणों के क्लासिक लक्ष्य स्टीयरिंग दृश्य का उपयोग करने के लिए किसी भी समय 2D टैप करें।